# राजभाषा मुद्रिका

तिमाही राजभाषा समाचार पत्र

**अंक : 36** **अप्रैल-जून 2023**


**प्रधान संरक्षक**

**श्री रूपम कपूर**

**प्रधान मुख्य आयुक्त, केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल, कर्नाटक**

**संरक्षक**

**श्री दयानंदन टी.**

**अपर आयुक्त (प्र.मु.आ.का का.), केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल**

**संकल्पना और संपादन**

**श्री वाई. सुब्रह्मण्यम,**

**वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी, केंद्रीय कर प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय, बेंगलूरु**


---

## हार्दिक स्वागत



**बायीं ओर से श्रीमती वी. उषा, मुख्य आयुक्त, सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल एवं श्री रूपम कपूर, प्रधान मुख्य आयुक्त, केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल**

**केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल के प्रधान मुख्य आयुक्त श्री रूपम कपूर को केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल में कार्यरत समस्त अधिकारियों की ओर से उनके केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल पर दिनांक 12.06.2023 को कार्यभार संभालने पर हार्दिक स्वागत ।**

# जीएसटी  दिवस 2023

केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल द्वारा दिनांक 01-07-2023 के पूर्वाहन 10:30 बजे कॉवेरी हॉल, केंद्रीय राजस्व भवन, क्वीन्स रोड, बेंगलूरु में जी.एस.टी. दिवस 2023 को धूमधाम से मनाया गया। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के सीएमडी श्री भानु प्रकाश श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि का भार वहन किया।  सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल की मुख्य आयुक्त श्रीमती वी. उषा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थीं।  केंद्रीय कर, कर्नाटक अंचल के प्रधान मुख्य आयुक्त श्री रूपम कपूर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

















# जीएसटी दिवस 2023

मुख्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्य का शुभारंभ किया । केंद्रीय कर कर्नाटक अंचल के प्रधान मुख्य आयुक्त श्री रूपम कपूर ने अपने परिचयात्मक टिप्पणी व अध्यक्षीय भाषण में जीएसटी दिवस का आरंभ से लेकर 6वें जीएसटी दिवस वर्ष गॉठ तक का घटनाक्रम और जीएसटी संग्रहण के बारे में बहुत विस्तृत रूप से अपने विचार प्रस्तुत किए । फिर, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के सीएमडी श्री भानु प्रकाश श्रीवास्तव ने अपने अतिथि भाषण में जीएसटी के बाद जो निर्धारितियों को प्राप्त स्वतंत्रता और सुविधा के बारे में बताएं । डीजी सिस्टम्स, बेंगलूरु के अपर महानिदेशक डॉ.के. बालमुरुगन ने जीएसटी पर सिस्टम्स परिप्रेक्ष्य में देश के हित में कर संचय का महत्व के बारे में बताएं । तदुपरांत सहायक आयुक्त श्री संदीप भागा ने जीएसटी पर परिवीक्षाधीन अधिकारियों की दृष्टिकोण के बारे में प्रकाश डाला । उसके पश्चात् विभागीय अधिकारियों को प्रशंसा पत्रों से नवाज़ा गया । तत्पश्चात् केंद्रीय कर, बेंगलूरु दक्षिण आयुक्तालय के उपायुक्त श्री ए.एन. मंजूनाथ ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया । केंद्रीय कर, बेंगलूरु उत्तर पश्चिम आयुक्तालय की अधीक्षक श्रीमती वी. सरला ने कार्यक्रम का संचालन किया ।













# हिंदी कार्यशाला

दिनांक 27.04.2023 को नासीन, बेंगलूरु के तत्वावधान में केंद्रीय कर एवं सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल के समूचे कर्नाटक में कार्यरत कार्यकारी सहायक एवं कर सहायक के संवर्ग के लिए केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल द्वारा वेबिनॉर के माध्यम से ऑनलाइन हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्घाटन नासीन, बेंगलूरु के अपर निदेशक डॉ. सुजीतकुमार पी. सोमपूर ने किया। पूर्वाहन के दोनों सत्र में केंद्रीय कर प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय, बेंगलूरु में कार्यरत वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी श्री वाई. सुब्रहमण्यम ने *"तिमाही प्रगति रिपोर्ट भरना और कंप्यूटरों में हिंदी सक्रिय करना"* पर प्रकाश डाला। तथा अपराहन के दोनों सत्र में एन.ए.एल., बेंगलूरु के सेवानिवृत्त वरिष्ठ हिंदी अधिकारी डॉ.पी.एस.आर. मूर्ति ने " *टिप्पण एवं आलेखन* " पर व्याख्यान दिया।









इस अंचल में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की सामग्रियां हो तो, उन्हें इस समाचार पत्र के आगामी अंकों में प्रकाशन हेतु हमें cexhindicell@gmail.com ई-मेल पते पर संपर्क करें ।

**आपके बहुमूल्य सुझाव सादर आमंत्रित हैं ।**